तापमान

अधिकतम 32.7 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




कोनी से सेंदरी के बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर स्कार्पियों पलटी, घायल को सिम्स में किया गया भर्ती।

## खबर संक्षेप

### 372 यात्रियों से 2 लाख 19 हजार की वसूली

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म और ट्रेनों में विशेष टिकिट चेकिंग अभियान चलाकर कामर्शियल विभाग की टीम ने 372 यात्रियों से 2 लाख 19 हजार से अधिक की राशि वसूली की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन और वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में बिलासपुर जोनल स्टेशन में औचक टिकिट चेकिंग अभियान चलाया गया, चेकिंग के दौरान बिलासपुर स्टेशन और बिलासपुर से चांपा के बीच आने-जाने वाली 17 ट्रेनों में औचक निरीक्षण और जांच की गई। इसमें 372 यात्रियों से 2 लाख 19 हजार 830 रुपए का बतौर जुर्माना वसूल किया गया। इन 372 यात्रियों से बिना टिकिट के सफर करने वाले 303 यात्री शामिल थे, जिनसे 1 लाख 90 हजार 625 रुपए, अनियमित टिकिट यानि वेटिंग टिकिट और जनरल टिकिट लेकर स्लीपर कोच में सफर करने वाले 59 यात्रियों से 28 हजार 205 रुपए एवं बिना बुकिंग किए गए लगेज ले जाने वाले 10 यात्रियों से 1000 रुपए की वसूली की गई है।

### दो ईई का किया तबादला

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा कार्यपालन अभियंताओं का तबादला कर दिया गया है। इस दौरान अधीक्षण अभियंता कार्यालय में पदस्थ आरती मधु कुजुर को बिलासपुर में ईई की पदस्थापना दी गई है। इसके साथ ही कार्यापालन अभियंता मोहम्मद सफत हरीश को अधीक्षण अभियंता उपकेन्द्र वृत्त में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# 100 से अधिक जंगली सुअर मचा रहे आतंक चौपट कर रहे फसल, वन विभाग बेखबर

## कोटा क्षेत्र के मोहनभाठा में एक किसान की मौत के बाद खेत जाने से डर रहे किसान

मनीष वर्मा ⏭ बिलासपुर

करगीरोड कोटा के मोहनभाठा इलाके में 100 से अधिक जंगली सुअर जमकर आतंक मचा रहे हैं। भूख से बेहाल होकर भटकते ये जंगली सुअर खेतों की फसल चौपट कर रहे हैं, फसल बचाने का प्रयास करने वाले किसानों पर हमले भी कर रहे हैं। हालत यह है कि पिछले दिनों जंगली सुअर के हमले से एक किसान की मौत के बाद किसान अपने खेत जाने से डरने लगे हैं। विडंबना यह है कि ग्रामीणओं की शिकायत के बाद भी वन विभाग के अफसरों ने इन जंगली सुअरों को जंगल पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं कर रहे हैं।

बिलासपुर से कोटा मार्ग पर गनियारी से आगे मोहनभाठा ग्राम पंचायत है। यहां की जनसंख्या 1500 से अधिक है। इसी ग्राम पंचायत से कुछ दूरी पर कुछ फारेस्ट एरिया है, इसके आसपास कई फार्म हाउस हैं। इसके अलावा किसान खेती भी करते हैं। पिछले कुछ महीने से मोहनभाठा से लगे हुए जंगल में 100 से अधिक जंगली सुअर भटक रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार 30 से 50 की संख्या में झुंड बनाकर जंगली सुअर फसलों को नुकसान पहुंचाने के अलावा ग्रामीणों पर हमला भी करते हैं, जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। मोहनभाठा में जंगली सुअरों के झुंड ने भारी आतंक मचाने के साथ फसलों को नष्ट करना शुरु कर दिया है। हाल ही में एक किसान की सुअरों के हमले से मौत हो गई है।







फार्म हाउस की फसल चौपट कर रहे सुअर।

### अब तक हो चुकी घटना

- कुछ दिन पहले मोहनभाठा में सुबह टहलने निकले किसान प्रदीप गुप्ता पर सुअरों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई थी।
- भटगांव चुइया पंचायत के पास जंगली सुअर झुंड में आकर मूंगफली और सूरजमुखी जैसी फसलों को बरबाद कर रहे हैं।
- ग्रामीणों के अनुसार जंगली सुअर दिन और रात में सुनसान का फायदा उठाकर खेतों में घुसते हैं और लोगों पर भी हमला कर देते हैं।

### तारकांटा भी नहीं आता काम

मोहनभाठा स्कूल चौक से करीब डेढ़ से दो किलोमीटर अंदर क्षेत्र के बाद जंगल का एरिया आता है। यहां करीब 4 से 5 किसानों की खेती किसानी होती है। जंगली सुअरों से फसलों को बचाने के लिए किसानों ने नुकीले तार लगाए हैं, सुअर उसे तोड़कर अंदर प्रवेश कर लेते हैं। सुअरों के खेतों में आने और जाने का कोई भी समय निश्चित नहीं होता है, इन्हें झुंड में देखने के बाद किसान और उनके परिजन घर के अंदर ही छिपकर उनके जाने का इंतजार करते हैं।

### संभव नहीं जंगल शिफ्ट करना

मोहनभाठा में जंगली सुअरों के हमले से एक व्यक्ति के मौत और फसलों के नुकसान की सूचना मिली है। सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर मुनादी कराई गई और सुअरों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने का अनुरोध भी किया गया है। क्षेत्र में सुअरों की सुख्या काफी अधिक है, जिनका रेस्क्यू कर जंगल शिफ्ट करना संभव नहीं है। इसके बावजूद एक चौकीदार की ड्यूटी लगाने का निर्णय लिया गया है, जो लगातार ग्रामीणो को अलर्ट करता रहेगा। इससे संभवतः किसी को भी हानि नहीं होगी।

-अनिमेश सिंह
रेंजर, तखतपुर रेंज

# 2 करोड़ 6 लाख 38 हजार रुपए गबन करने वाली बिल्हा स्टेट बैंक की फरार कैशियर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एंटी करप्शन ब्यरो टीम ने पेय पदार्थ, भोजन, किराया, रखरखाव के नाम पर 2 करोड़ 6 लाख 37 हजार 600 रुपए के गबन के मामले में बिल्हा स्टेट बैंक की फरार महिला कैशियर को गिरफ्तार कर लिया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो के डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, बिल्हा स्टेट बैंक शाखा में 19 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 के मध्य बैंक के कर्मचारियों और अन्य ने पद का दुरुपयोग कर बैंक के रिकॉर्ड और खातों में छेड़खाड़ कर बैंक के साथ धोखाड़ी की, इन्होंने 2 करोड़ 6 लाख 37 हजार 600 का गबन कर बैंक को आर्थिक नुकसान पहुचाया। इस संबंध में कार्रवाई के लिए बैंक शाखा बिल्हा के शाखा प्रबंधक पीयूष बारा ने आर्थिक अपराध अन्वेषण, एंटी करप्शन ब्यूरो मुख्यालय रायपुर में शिकायत की थी। इस पर स्टेट बैंक बिल्हा के तत्कालीन कैशियर तेजवध थीरापतम्मा एवं अन्य के खिलाफ 19 जनवरी 2026 को धारा 13, 1, ए, 12, 2 पीसी एक्ट एवं धारा 316, 5, 318, 4, 61, 2, 338, 336, 3, 3, 40, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। स्टेट बैंक द्वारा विभागीय स्तर पर की गई विभागीय जांच में भी कैशियर तेजवथ और अन्य को आर्थिक अनियमितता करना और उक्त राशि का गबन करना पाया गया था। एसीबी बिलासपुर द्वारा प्रकरण की विवेचना की गई, इस दौरान स्टेट बैंक की विभागीय जांच रिपोर्ट और अपने स्तर पर संकलित साक्ष्य से कैशियर एवं अन्य के द्वारा उक्त राशि का गबन करने का साक्ष्य पाया गया। पिछले कुछ दिनों से एसीबी की टीम लगातार कैशियर की तलाश में लगी हुई थी। गुरूवार को कैशियर तेजवथ के बिल्हा स्टेट बैंकमें गोपनीय रूप से आने की सूचना पर टीम ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। साक्ष्य के आधार पर उक्त महिला कैशियर को गिरफ्तार कर लिया गया है। टीम ने उनका मोबाइल जब्त कर लिया है।



आरोपी

- **पेय पदार्थ, भोजन, किराया, रखरखाव के नाम पर किया गया था गबन**
- **एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने की कार्रवाई**

### पेय पदार्थ, भोजन, किराया में खर्च करना बताया

डीएसपी श्री सिंह ने बताया कि कैशियर द्वारा बैंक कर्मचारी व अन्य के साथ मिलकर उक्त राशि को कई लोगों के खातों में ट्रांसफर कर दिया गया था। उक्त बात को छिपाने के लिए पैसे को बैंक की कई सेवाएं जैसे पेय पदार्थ, भोजन, किराया, रखरखाव आदि मद पर खर्च करना बताया गया है।

### निलंबन के बाद जगदलपुर में अटैच

विभागीय जांच के बाद जून 2025 में कैशियर तेजवथ को निलंबित कर दिया गया था। वर्तमान में वे रिजनल बिजनेस आफिस आरबीओ जगदलपुर में अटैच हैं। किन्तु वे जून 205 से लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित थीं। कैशियर तेजवथ मूलतः जिला खम्मम आंध्रप्रदेश की रहने वाली हैं। घटना की अवधि में वे स्टेट बैंक शाखा बिल्हा में पदस्थ थीं। एसीबी की टीम उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड में लेने की कार्रवाई कर रही है।




# एनएचएम कर्मियों को दो माह से वेतन नहीं, फंड के दुरुपयोग का आरोप




**बिलासपुर।** नेशनल हेल्थ मिशन के संविदा कर्मचारियों को दो महीनों से वेतन नहीं मिल रहा है। शासन के नियमानुसार प्रदेश भर में डीडीओ पॉवर के बदलाव के बाद से कर्मचारियों को वेतन मिलना बंद हो गया है। इसके चलते जिले में 700 एनएचएम कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। होली नजदीक होने पर कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है।

एनएचएम कर्मियों के वेतन के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को राशि दी जाती है। यह राशि सरकार के खाते में जमा रहती है, लेकिन दिसंबर माह से सरकार ने वेतन भुगतन के लिए डीडीओ सीएमएचओ को दे दिया है, इससे पहले एनएचएम के हेडऑफिस से डायरेक्ट फंड मिलता है, जिसके कारण माह के अंत में वेतन व भत्तों का भुगतान होता रहा है लेकिन पिछले 2 माह से भुगतान अटक चुका है। सूत्रों के अनुसार एनएचएच कर्मचारियों के लिए बनाई जानी वाली सीटी 4 गेटवे में सैलरी का कोड दर्ज नहीं हो रहा है, जिससे लॉगिन करते समय दिक्कत हो रही है। इस बारे में सभी जिलों से मांग पत्र भेजा गया है, लेकिन हेड आफिस से इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

### कर्मचारियों ने कहा फंड का दुरुपयोग

संविदा कर्मचारियों का कहना है कि पहले से ही उनका मानदेय नियमित कर्मचारियों की तुलना में कम है, और समय पर भुगतान न होने से परिवार चलाना कठिन हो गया है। कर्मचारियों ने शीघ्र वेतन जारी करने की मांग की है। कर्मचारियों को आशंका है कि अधिकारियों के द्वारा फंड का बेजा उपयोग कर दिया गया है, जिसके चलते वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है।

### तकनीकी कारण हैं

तकनीकी कारणों के चलते वेतन का भुगतान नहीं हो सका है। इस बारे में कलेक्टर से बात की गई है, अन्य जगहों से वेतन की व्यवस्था की जाएगी। सोमवार तक सभी को वेतन देने का प्रयास किया जा रहा है।

**-शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

# छात्रों ने की नियमित क्लास लगाने की मांग

**बिलासपुर।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंटस आर्गेनाइजेशन एआईडीएसओ द्वारा परीक्षाओं के दौरान छात्रों का नियमित क्लास कराने की मांग को मंगलवार को अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

छात्र संगठन का कहना है कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद से ही कालेजों में आए दिन परीक्षाएं आयोजित हो रही है। क्योंकि सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली में प्रत्येक 6 महिने के अंतराल में दो इंटर्नल, असाइनमेंट, पीपीटी प्रेजेंटेशन और प्रैक्टिकल परीक्षा होती है तब जाकर मुख्य सेमेस्टर परीक्षा होती है। इस दौरान छात्रों को पढ़ाई करने का बहुत कम समय मिल पाता है। ऐसी स्थिति में जनवरी माह में यूजी और पीजी के छात्रों का परीक्षा पूरी हुई है। मार्च महिने के द्वितीय सप्ताह से फाइनल ईयर के छात्रों का वार्षिक परीक्षा होने जा रही है। इस दौरान छात्र-छात्राओं की पढ़ाई जारी रहे इसके लिए कालेज प्रशासन द्वारा समय सारिणी जारी किया जाना चाहिए। इसके साथ ही यूजी और पीजी के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के रिजल्ट जल्द से जल्द जारी किया जाए। यूनिवर्सिटी इस विषय पर संज्ञान लेकर कालेज प्रशासन को आवश्यक निर्देश प्रदान करें ताकि कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो और विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। इस पर परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर ने छात्रों से कहा है कि कक्षाएं दोपहर में संचालित होगी और सुबह एवं शाम परीक्षाएं आयोजित होगी।

# हेल्थ-स्पेशल प्लस






## पैदल चलिए पर संभलकर

सभी का शरीर अलग-अलग होता है। शारीरिक, कार्य क्षमता तथा उम्र के हिसाब से पैदल चलने होता है।

कई लोग 5 कि.मी. जाना और 5 कि.मी. आना और तेज चलने को व्यायाम जैसा मानते हैं लेकिन हो सकता है बढ़ती उम्र में वो ज्यादा चलने घुटने के जोड़ों को खराब कर रहे हैं इसलिए वात रोग जल्दी शुरू हो जाता है। अपने जोड़ों की एक बार जांच जरूर कराकर सही परामर्श लेकर पैदल चलना चाहिए या जॉगिंग करना चाहिए जिससे घुटनों को नुकसान न पहुँचे। फिजियोथैरेपिस्ट जोड़ों की जांच करके सही सलाह दे सकते हैं, सही सलाह से किया गया कोई भी व्यायाम शरीर की गतिशीलता, कार्यक्षमता और जोड़ों की मजबूती को बढ़ाता है इससे जीवन की शारीरिक गुणवत्ता बेहतर होती है।

**- डॉ. उमेश भुवने**
भौतिक चिकित्सक






## क्षारसूत्र चिकित्सा पद्धति
## बवासीर व भगन्दर का श्रेष्ठ उपचार

वर्तमान में अनियमित खानपान, अनियमित दिनचर्या एवं अत्यधिक मानसिक तनाव के कारण उदररोग, कब्ज, लगातार बढ़ता जा रहा है। बाजार मे उपलब्ध विभिन्न प्रकार के खाने से लगातार पेट खराब हो रहा है। अनियमित खान पान के कारण ही हमारा स्वास्थ खराब हो रहा है। आज अनियमित दिनचर्या के कारण काफी लोग मुदागत बीमारियो जैसे बवासीर (piles) भगन्दर (Fistula) परिकर्तिका (fissure) अनेक प्रकार के रोगों से परेशान हो रहे है। उपलब्ध दवाईयों के कारण इनका सम्पूर्ण उपचार नही हो पाता है। काफी उपचार कराने के नगद भी लोग लगातार परेशान रहते है।

गुदागत बीमारियों के लक्षण में गुदा मार्ग में जलन होना, गुदा मार्ग में दर्द होना, गुदा मार्ग में सूजन होना, मस्ते एवं मवाद का आना, पेट का साफ न होना, पेट की लगातार फूलें रहना अनेक प्रकार के लक्षण हाेते है। इन समस्त प्रकार की बीमारियों का उपचार आयुर्वेद के माध्यम से पूर्णतः किया जा सकता। गैस बनना आज के समय में एक बहुत आम लेकिन परेशान करने वाली समस्या है। गैस बनने का सबसे बड़ा कारण हमारा भोजन है। जब हम भोजन करते हैं तो पाचन के दौरान आंतों में मौजूद बैक्टीरिया भोजन को तोड़ते हैं। अनियमित दिनचर्या और गलत जीवनशैली भी गैस की समस्या को बढ़ाती है। देर रात तक जागना, समय पर भोजन न करना, बार-बार भूखे रहना या बहुत देर बाद अधिक मात्रा में खाना पाचन अग्नि को कमजोर करता है। आयुर्वेद के अनुसार जब जठराग्नि मंद हो जाती है, तब भोजन सही तरीके से नहीं पच पाता और आम यानी अपचित तत्व बनने लगता है, जो गैस, एसिडिटी और पेट दर्द का कारण बनता है। मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद का भी गैस से गहरा संबंध है। दिमाग और पेट का सीधा कनेक्शन होता है। जब व्यक्ति लगातार तनाव में रहता है, तो पाचन रसों का स्राव प्रभावित होता है।

**डॉ. एस. चौरसिया** (एम.एस.)
पाईल्स एवं उदर रोग विशेषज्ञ

## सही समय पर स्पीच थैरेपी
## शिशु विकास के लिए जरूरी

बच्चों में बोलने की समस्या के मुख्य कारणों में सुनने की क्षमता में कमी, विकास में विलंब (जैसे ऑटिज्म), पारिवारिक इतिहास (हकलाना), या जीभ-तालू की शारीरिक समस्याएं शामिल हैं। 12-18 महीने तक शब्द न बोलना, 2 साल तक निर्देश न समझना या स्क्रीन टाइम की अधिकता मुख्य संकेत हैं। सही समय पर स्पीच थेरेपी और बातचीत से सुधार संभव है।

**कब डॉक्टर से मिले**

2-15 महीने: नाम बुलाने पर प्रतिक्रिया न देना।

16-18 महीने: एक भी शब्द न बोल पाना।

24 महीने: शब्द न दोहराना, केवल इशारों से काम चलाना, या 2 शब्द मिलाकर न बोल पाना।

**डॉ. ध्रुव वजा**






## आर्थराइटिस : दर्द से उम्मीद तक की यात्रा

हर दिन मेरे क्लिनिक में कई चेहरे आते हैं — कोई अधेड़ उम्र की माँ, जो अब अपने बच्चों को गोद में नहीं उठा पाती; कोई युवक, जिसकी उंगलियाँ कंप्यूटर के की बोर्ड पर टिकते ही दर्द से काँपने लगती हैं; और कोई बुजुर्ग, जो बस यह चाहता है कि फिर से अपनी छड़ी के बिना दो कदम चल सके। इन सबके चेहरों पर एक समान सवाल होता है — "डॉक्टर, क्या मैं फिर सामान्य जीवन जी पाऊँगा?" और मेरा जवाब हमेशा एक ही होता है — हाँ, अगर हम समय रहते पहचानें, सही इलाज लें और उम्मीद न खोएँ। **जोड़ों का दर्द :** केवल शारीरिक नहीं, भावनात्मक भी आर्थराइटिस सिर्फ जोड़ों की बीमारी नहीं है, यह व्यक्ति के आत्मविश्वास, स्वतंत्रता और खुशियों को भी धीरे-धीरे छीन लेता है। भारत में आज करोड़ो लोग किसी न किसी प्रकार के जोड़ों के दर्द या आर्थराइटिस से जूझ रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाएँ हैं। रूमेटॉयड आर्थराइटिस, ऑस्टियोआर्थराइटिस और अन्य रूमेटिक रोगों का बोझ धीरे-धीरे पूरे परिवार पर भी पड़ता है — कामकाज, रिश्ते और जीवन की सामान्य लय सब प्रभावित होते हैं। लेकिन जिस तरह दर्द धीरे-धीरे आता है, वैसे ही उम्मीद भी लौट सकती है — अगर रोगी, परिवार और चिकित्सक साथ मिलकर कदम बढ़ाएँ।

**हर दर्द की एक भाषा होती है — उसे सुनिए** - कई बार आर्थराइटिस की शुरुआत बहुत सामान्य लगती है — सुबह उठने पर उँगलियों का कठोर हो जाना, घुटनों में कसाव, सीढ़ियाँ चढ़ते समय या चलने पर हल्का-सा दर्द। यह शरीर की वह भाषा है, जो हमें चेतावनी देती है। अगर हम इसे समझें और समय पर विशेषज्ञ की सलाह लें, तो रोग को बढ़ने से काफी हद तक रोका जा सकता है। शुरुआती चरण में सही Diagnosis और Treatment से जोड़ों को स्थायी नुकसान होने से बचाया जा सकता है और जीवन की Quality बेहतर रखी जा सकती है। **उपचार से ज़्यादा ज़रूरी है आत्मबल** - मैंने अपने मरीजों में अद्भुत साहस देखा है। एक 45 वर्षीया शिक्षिका, जिनकी उँगलियाँ दर्द से मुड़ चुकी थीं, आज फिर से कक्षा में खड़ी होकर बच्चों को पढ़ा रही हैं। एक खिलाड़ी, जिसने रूमेटॉयड आर्थराइटिस के चलते अपना करियर खो दिया था, आज दूसरों को फिटनेस सिखा रहा है और खुद भी नियमित व्यायाम से सक्रिय जीवन जी रहा है।

**साधारण आदतें जो चमत्कार कर सकती हैं** - रोज़ाना हल्का व्यायाम या योग करें, जोड़ों को जितना हो सके चलायमान रखें। - वजन संतुलित रखें, अतिरिक्त भार से घुटनों और कूल्हों पर दबाव कम होगा। - हरी सब्जियाँ, फल, दालें और ओमेगा-3 युक्त आहार (जैसे अलसी, अखरोट, मछली) लें। - तनाव, धूम्रपान और शराब से दूरी बनाएँ, क्योंकि ये सूजन और दर्द बढ़ा सकते हैं।

- जोड़ों में सूजन, लाली, या सुबह की अकड़न यदि हफ्तों बनी रहे तो खुद से दवा न लें, सीधे विशेषज्ञ से मिलें। ये छोटे-छोटे कदम न सिर्फ दर्द कम करते हैं, बल्कि जीवन में फिर से गति, आत्मविश्वास और अपना काम ख़ुद करने की शक्ति लौटा सकते हैं।

**दर्द को भाग्य नहीं, चुनौती समझिए** - सही जागरूकता, शुरुआती निदान, और धैर्य के साथ आर्थराइटिस को बड़ी हद तक नियंत्रण में लाया जा सकता है और कई मामलों में Joint Damage को रोका जा सकता है।

**अंत में** - मैं अपने सभी पाठकों से कहना चाहता हूँ — अगर आपके घर में कोई व्यक्ति जोड़ों के दर्द से जूझ रहा है, तो उसे यह महसूस कराएँ कि वह अकेला नहीं है। उम्मीद सबसे प्रभावशाली दवा है, और सहानुभूति उसका असर कई गुना बढ़ा देती है। चलिए यह प्रण लें कि हम दर्द को पहचानेंगे, उसका सामना करेंगे, और उन लाखों लोगों की आवाज़ बनेंगे जो आज फिर से मुस्कुराना सीख रहे हैं।

**डॉ. अमित दुआ**
Consultant in Rheumatology
Dua's Clinic, Bilaspur






## डिजिटल स्कैनर: दंत चिकित्सा में वरदान






आधुनिक तकनीक ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं, और डिजिटल स्कैनर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। पहले दांतों के इम्प्रेशन लेने के लिए पारंपरिक मोल्डिंग सामग्री का उपयोग किया जाता था, जो समय लेने वाला और कई बार असुविधाजनक होता था। लेकिन डिजिटल स्कैनर ने इस प्रक्रिया को सरल, तेज और अधिक प्रभावी बना दिया है।डिजिटल स्कैनर एक उन्नत उपकरण है जो दांतों और मसूड़ों की सटीक 3D इमेज तैयार करता है। यह स्कैन कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाता है और तुरंत कंप्यूटर स्क्रीन पर दिखाई देता है। इससे डॉक्टर को मरीज की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और सही उपचार योजना बनाने में सहायता मिलती है। इस तकनीक का सबसे बड़ा लाभ इसकी सटीकता है। पारंपरिक इम्प्रेशन में अक्सर त्रुटियाँ हो जाती थीं, जैसे आकार में बदलाव या हवा के बुलबुले। डिजिटल स्कैनिंग इन समस्याओं को समाप्त कर देती है और उच्च गुणवत्ता के परिणाम प्रदान करती है। इसके अलावा, यह मरीज के लिए भी अधिक आरामदायक है क्योंकि इसमें किसी चिपचिपे पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाता, जिससे घुटन या उल्टी जैसा अनुभव नहीं होता।डिजिटल स्कैनर का उपयोग क्राउन, ब्रिज, डेंटल इम्प्लांट और ऑर्थोडॉन्टिक उपचार जैसे ब्रेसेस और क्लियर अलाइनर्स में किया जाता है। आजकल यह पद्धति हमारे क्लीनिक 32 इंटैक्ट मल्टीस्पेशलिटी डेंटल क्लिनिक नर्मदा नगर में इस तकनीक का उपयोग कर मरीजों को बेहतर और उन्नत उपचार प्रदान कर रहे हैं।यह तकनीक समय की भी बचत करती है, क्योंकि स्कैन को तुरंत लैब में भेजा जा सकता है, जिससे उपचार प्रक्रिया तेज हो जाती है। निष्कर्षतः, डिजिटल स्कैनर दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एक वरदान है।

**डॉ. सुधांशु त्रिपाठी**
बी.डी.एस. (मानिपाल)



कार्यक्रम

## सीए समिति के पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण



**बिलासपुर।** द इस्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकाउंटेट ऑफ इंडिया सैंट्रल इंडिया रिजनल कौसिंल के अंतर्गत संचालित नवीन प्रबंध समिति अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पांडेय ,उपाध्यक्ष सीए अविनाश सिंह टुटेजा, सचिव सीए उदय कांत चौरसिया,कोषाध्यक्ष सीए प्रखर बंसल, सिकासा अध्यक्ष सीए मिली डे, कार्यकारणी सदस्य सीए मनीष सखूजा ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन आईसीएआई भवन में संपन्न हुआ। नव-निर्वाचित शाखा अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य शाखा की शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि टीम भावना एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए शाखा को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाया जाएगा। नवीन समिति ने अपने कार्यकाल के दौरान सेमिनार,वर्कशॉप प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, छात्र उन्मुख कार्यक्रम एवं सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों को प्राथमिकता देने की रूपरेखा प्रस्तुत की।

उत्सव

## कैंसर पीड़ितों के सहायतार्थ ब्रजरास रंगोत्सव कल



**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर में सामाजिक सरोकार और सांस्कृतिक परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वींस द्वारा "ब्रजरास रंगोत्सव" का भव्य आयोजन 28 फरवरी को गोविंदम पैलेस में किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में क्लब की अध्यक्ष सीमा ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ चुके लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उन्हें यह एहसास दिलाना कि समाज उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम के माध्यम से एकत्रित राशि की कैंसर सर्वाइवर्स के उपचार, दवाइयों, परामर्श और उनके पुनर्वास से जुड़े कार्यों में उपयोग की जाएगी। इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष रचना जैन सिंह एवं रोटेरियन चंचल सलूजा भी मौजूद रहें। पिनाकी-धा फिटनेस मंत्र के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम एक फंडरेजिंग पहल है। इवेंट चेयरपर्सन मनीषा जायसवाल ने बताया कि आयोजन में बरसाने की पारंपरिक व फूलों की होली पारिवारिक माहौल में खेली जाएगी।

**रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वींस का आयोजन**

आयोजन

## प्रवासी भारतीय हिंदी भाषा संस्कृति के ध्वज वाहक



**बिलासपुर।** विश्व हिंदी अधिष्ठान रायगढ़, भाषा सहोदरी हिंदी समिति दिल्ली, देवम् फाउंडेशन सोफिया बुल्गारिया, प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी एवं राष्ट्रीय कवि संगम बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी साहित्य सेवा सम्मान, पुस्तक विमोचन तथा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ चंद्रभूषण वाजपेई ने कहा कि प्रवासी भारतीय हिंदी भाषा व संस्कृति के ध्वज वाहक है। संस्कार भवन सरकंडा में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वाजपेई ने हिंदी भाषा की वैश्विक पहचान बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम लाल निराला प्राचार्य ने इस आयोजन को बिलासपुर साहित्यधानी में निरंतर चलने वाले साहित्यिक अनुष्ठान का एक महत्वपूर्ण आयोजन बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद कुमार वर्मा ने डॉ मौना कौशिक के हिंदी साहित्य के वैश्विक उन्नयन में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। प्रवासी भारतीय डॉ मौना कौशिक को उनके हिंदी भाषा को वैश्विक रुप में स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़ के साहित्य पुरोधा डॉ मुकुट धर पाण्डेय की स्मृति सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

**सरकंडा में विश्व हिंदी साहित्य सेवा सम्मान**

कार्यक्रम

## छत्तीसगढ़ नामदेव समाज के पदाधिकारियों का सम्मान



**बिलासपुर।** संत नामदेव महाराज राष्ट्रीय विश्व एकात्मता महासम्मेलन में देश के कई राज्यों से समाज के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं छत्तीसगढ़ से नामदेव समाज के पदाधिकारियों का सम्मान हुआ। संत शिरोमणि नामदेव महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विश्व महासम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया। समाज की ओर से श्री गडकरी को संत शिरोमणि महाराज विश्वरत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संत नामदेव की वाणी तथा उनके विचारों से ओतप्रोत भक्ति गीत संगीत पेश किया गया। आयोजन समिति ने फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर वर्मा, ईस्ट जोन प्रभारी एनपी नामदेव, फेडरेशन के पदाधिकारी अखिलेश नामदेव, अखिल वर्मा, राजेश्वर नामदेव, केपी नामदेव को सम्मानित किया गया। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से श्री ज्वाला प्रसाद नामदेव ने समाज के संदर्भ में चर्चा की।

**कई राज्यों के राष्ट्रीय व प्रांतीय सदस्य हुए शामिल**

# श्याम मंदिर में फागुन महोत्सव शुरू, हुआ श्याम पाठ

**बिलासपुर।** महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार 27 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे राम मंदिर तिलकनगर से श्री श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। शाम सवा सात बजे से प्रभु इच्छा तक श्री श्याम भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें भजन गायक मास्टर मोनू जयपुर, शिल्पी कौशिक मुरादाबाद, बुन्दू म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भगवान श्याम व होली पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। शनिवार 28 फरवरी को सुबह 9 बजे भगवान श्याम को सवा मनी प्रसाद लगाए जाएंगे। ट्रस्टी दीपराज उपाध्याय ने बताया कि यह आयोजन श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर द्वारा किया जा रहा है एवं आयोजन में सभी ट्रस्टियों का सहयोग है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर बिलासपुर में श्री श्याम फागुन महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन गुरुवार से किया गया है। इसमें पहले दिन श्याम पाठ किया गया। इस महोत्सव में श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित रहे।



### आज निकाली जाएगी निशान यात्रा, होगी भजन संध्या



**इनका मिल रहा सहयोग**

कार्यक्रम को सफल बनाने में रोशनी अग्रवाल, सावित्री जाजोदिया, शारदा सिंघल, रिया भण्डारी, सीना अग्रवाल, राकेश प्रजापति, अनिल लच्छूका, शरद अग्रवाल, संतोष वर्मा, मांडला बाबू, राजू सोनी, बड़का भाई, गोगी चाट वाला, आशीष भण्डारी का सहयोग मिल रहा है।

### दिल्ली के फूलों से भगवान का श्रृंगार

खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर मसानगंज में 26वां फाल्गुन उत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया जा रहा है। उत्सव के दूसरे दिन गुरुवार 26 फरवरी को खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर मसानगंज में श्याम पाठ किया गया। भगवान श्याम का श्रृगांर दिल्ली से मंगाए गए फूलों से किया गया। विभिन्न समूहों ने श्याम पाठ में शामिल होकर भजनों की प्रस्तुति दी। शुक्रवार 27 फरवरी को रात्रि 8 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होगी। प्रख्यात भजन गायिका नई दिल्ली पूनम शर्मा, भजन गायक प्रवीण चौधरी बिहार कटिहार, अंजनी अग्रवाल रायपुर एवं रोहित बिलासपुर भजन प्रस्तुत करेगें। भजन समापन के पश्चात श्याम बाबा की आरती कर 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। शनिवार 28 फरवरी को सुबह 10 बजे मसानगंज मंदिर परिसर में समापनी प्रसाद का चढ़ावा शुरू किया जाएगा। इसमें श्रृद्धालुओं द्वारा भोग प्रसाद चढ़ाया जाएगा।

# देश तभी विकसित हो सकता है, जब यह विकास देश के हर व्यक्ति का हो




**बिलासपुर।** डीपी विप्र महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विकसित भारतः संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संभागयुक्त सुनील कुमार जैन, अध्यक्षता अनुराग शुक्ला, कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम, राजकुमार अग्रवाल, प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला, उपप्राचार्य डॉ एमएस तम्बोली,डॉ नितिन तुलसीराम उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारे देश ने 2047 में विकसित होने का संकल्प रखा है। विकास से तात्पर्य पर्यावरण एवं हमारी सभ्यता, संस्कृति के संरक्षण के साथ मनुष्य के विकास से है। इसके साथ ही हमें अपने सामाजिक परिवेश और आगे आने वाली पीढ़ी को क्या दे सकते हैं, समेकित करके ध्यान देना होगा। तभी हम विकास की भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। देश तभी विकसित हो सकता है। जब यह विकास देश के हर व्यक्ति का हो। अनुराग शुक्ला ने कहा कि संगोष्ठी का विषय बहुत ही समसामायिक है, इस पर विचार-विमर्श से नए-नए तथ्य हमारे सामने आते हैं। इस तरह की संगोष्ठी से निश्चित ही हम सब के चिंतन को जागृत करने में सहायक है। राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि जब हम इतने महत्वपूर्ण व संवेदनशील विषय पर दृष्टिकोण डालते हैं कि भारत विश्व पर किस स्थान पर है तो हम पाते हैं कि भारत में विविध संस्कृति, सभ्यता और भाषा वाला क्षेत्र है। लेकिन इतनी विविधताओं के बावजूद भी इनके मूल में एक ही भाव है। जो आज के संदर्भ में पुनर्जागरण का है कि हम क्या है, कैसे है और आगे क्या कर सकते हैं। इन्हीं सब विषयों पर लेकर उन्होंने अपनी बात रखी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ आभा तिवारी एवं प्रभारी एश्रीराम एवं आभार डॉ खगेन्द्र कुमार सोनी एवं डॉ किरण दुबे द्वारा किया गया। संगोष्ठी का प्रतिवेदन डॉ निधीश चैबे द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर डॉ अंजू कमलेश द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। डॉ मनीष तिवारी, डॉ साधना सोम, डॉ संजय कुमार तिवारी, डॉ विवेक अम्बलकर, डॉ आशीष शर्मा, डॉ तरू तिवारी, शैलेन्द्र कुमार तिवारी महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था

प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला ने कहा कि विकसित से तात्पर्य समाज की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, राजनैतिक आदि के समस्त आयामों के तार्किक विकास से है। इस संदर्भ में उन्होंने अपनी बात कही। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. एमएस तम्बोली ने इसका उद्देश्य बताते हुए कहा कि भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश है, जो तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। विकसित भारत का अर्थ केवल और सशक्त व्यापारिक ढॉचा है। इन सभी पहलुओं को समझना अत्यंत आवश्यक है। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ ताणनीश गौतम ने कहा कि यदि हमने लक्ष्य बना लिया है तो हमें आगे बढ़ना चाहिए। भारत हमेशा से सिरमौर रहा है और हम यदि अपने लक्ष्य को केंद्र में रखकर विकासशील से विकसित हो जायें तो हम विश्वगुरू थे और आगे भी रहेंगे। यदि विकसीत भारत की परिकल्पना करना है तो समाज में हो रहे विखंडन वाद पर चिंतन करना आवश्यक है।

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यान

# सनातन परंपरा में ऋषि और कृषि दोनों की आधारशिला गौमाता रही

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के हिंदी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय समाज एवं संस्कृति के संरक्षण में संतों का योगदान' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजश्री डॉ महंत रामसुंदर दास, विशिष्ट अतिथि पूर्णेंदु तिवारी व आयोजन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वी के सारस्वत ने की। कार्यक्रम में संत परंपरा की भूमिका, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता महंत रामसुंदर दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन परंपरा में ऋषि और कृषि दोनों की आधारशिला गौमाता रही है। उन्होंने 'गोधन' फिल्म का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गौसंवर्धन और पंचगव्य की महिमा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार द्वारा इस विषय पर जागरूकता के प्रयासों की सराहना की। व्याख्यान के दौरान संत परंपरा के ऐतिहासिक आयामों पर भी प्रकाश डाला गया। आदि शंकराचार्य द्वारा भारत भ्रमण एवं चार मठों की स्थापना का उल्लेख करते हुए बताया गया कि संतों ने सदैव सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया है। छत्तीसगढ़ की संत परंपरा में गुरु घासीदास जी, पंडित सुंदरलाल शर्मा जी जैसे महापुरुषों के योगदान को स्मरण किया गया। संत रामानंदाचार्य की समरसता की भावना"जाति-पांति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई"का उल्लेख करते हुए बताया गया कि उन्होंने सामाजिक समानता का सशक्त संदेश दिया। आभार प्रदर्शन विश्वविद्यालय के कुलसचिव चंद्र भूषण मिश्र ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण व बड़ी संख्या में शोधार्थी उपस्थित रहे।

**भारतीय समाज एवं संस्कृति के संरक्षण में संतों का अमूल्य योगदान**




### प्राचीन ऋषि परंपरा आज के शोध और चिंतन की आधारशिला

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वी के सारस्वत ने विद्यार्थियों की एकाग्रता और सहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब युवा पीढ़ी विभिन्न प्रकार के भटकाव का सामना कर रही है, ऐसे व्याख्यान नई आशा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन ऋषि परंपरा आज के शोध और चिंतन की आधारशिला है। भारतीय ज्ञान परंपरा में योग, न्याय दर्शन तथा गीता-वेदों का अध्ययन आज भी प्रासंगिक है। आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के युग में विवेकपूर्ण उपयोग तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता है। संत परंपरा हमें समरसता, संयम और समाजहित की दिशा में प्रेरित करती है।

मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार गुलशन साहू को

# एफसीए गेम चेंजर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 रनों से जीता फाइनल

स्पोर्टर्स न्यूज

**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में 2 से लेकर 25 फरवरी तक एफसीए प्रीमियर लीग सीजन- 9 अंडर -14 में तीन टीमों के बीच मैच खेले गए। फाइनल मैच एफसीए गेम चेंजर्स तथा एफसीए राइजिंग स्टार के बीच खेला गया। एफसीए प्रीमियर लीग सीजन- 9 अंडर -14 के फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए एफसीए गेम चेंजर ने 40रनों से मुकाबला जीत लिया।

फाइनल मैच एफसीएगेम चेंजर तथा एफसीए राइजिंग स्टार के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर गेम चेंजर्स ने पहले वाली बाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 154 रन बनाए और राइजिंग स्टार को 155 रन का लक्ष्य दिया, उनके टीम के खिलाड़ी पिच पर टिक नहीं पाए। गेम चेंजर ने शानदार क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी करते हुए 40 रन से इस मैच को आसानी से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गुलशन साहू को दिया गया। इस पूरे टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी गुलशन साहू को दिया गया। इस खिलाड़ी ने पूरे प्रतियोगिता में 308 रन बनाए और 16 विकेट प्रतियोगिता में लिए। बेहतर बल्लेबाजी का पुरस्कार गुलशन साहू को दिया गया जिन्होंने 308 रन बनाए। शानदार गेंदबाजी करने के लिए अंश पंत को पुरस्कार दिया गया, इन्होंने प्रतियोगिता में 16 विकेट लिए। बेस्ट विकेट कीपर राहुल साहू,बेहतर क्षेत्र रक्षण के लिए शिवांश लालचंदानी, पूरी प्रतियोगिता में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले समीर पैकरा, जिन्होंने 11 छक्के लगाए,सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले जिन्होंने गुलशन साहू, जिन्होंने 52 चौके लगाए इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



### खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

इमर्जिंग प्लेयर के रूप में विक्रांत कुमरे, यंगेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट सात्विक सिंह, रहे। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया ने विजेता टीम के अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर टीम के हेड कोच कमल चड्ढा एवं खिलाड़ियों के अभिभावक भी काफी संख्या में मौजूदथे।

## खबर संक्षेप

### सीएम का रहंगी आगमन कल, कलेक्टर एसएसपी ने किया स्थल निरीक्षण



बिलासपुर। बिल्हा विकासखंड के ग्राम रहंगी में 28 फरवरी को होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहंगी के खेल मैदान में 28 फरवरी को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को धान खरीदी के अंतर की प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के करोड़ों रुपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मुख्य सभामंच, सांस्कृतिक मंच, विभागीय स्टॉल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, हेलीपैड एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थल चिन्हांकित करते हुए सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। खेल मैदान के समीप ही हेलीपैड का निर्माण किया जाएगा। अधिकारियों ने प्रस्तावित पार्किंग स्थलों का भी अवलोकन कर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने की रूपरेखा तय की। एसएसपी रजनेश सिंह ने सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण एवं प्रवेश-निकास व्यवस्था की योजना बनाने के निर्देश दिए।

### नीति आयोग का उपाध्यक्ष बनने पर मिश्रा का किया स्वागत

बिलासपुर। छग शासन ने पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी



नियुक्ति के बाद रायपुर सुंदर नगर स्थित निवास पर जाकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, प्रवीण दीक्षित ने स्वागत किया। ज्ञात हो श्री मिश्रा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.लखन लाल मिश्रा के पुत्र हैं एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं।

### शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए गए राजेश

बिलासपुर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा छत्तीसगढ़ ने शिक्षा प्रकोष्ठ की घोषणा की



है जिसमें पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा को बिलासपुर शिक्षा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति शिक्षा के क्षेत्र से वे लंबे समय से जुड़े हुए हैं तथा उनका परिवार भी इस व्यवसाय से जुड़ा हुआ है 10+2 नई शिक्षा प्रणाली आने के बाद से शिक्षा प्रणाली को इतना कठिन बना दिया गया है शिक्षकों को कार्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसको सरलीकरण करने की पूरी कोशिश करेंगे। इसके साथ सेंट्रल गवर्नमेंट द्वारा सत्र 2009 से आर एम एस ए द्वारा संचालित शालाएं जो कि विकासखंड कोटा, बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर में संचालित की जा रही थी, अब वह छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही हैं, लेकिन इन शालाओं में आज भी एक भी क्लर्क नहीं है और ना ही कोई सफाई कर्मचारी है और ना ही इन स्कूलों में चपरासी हैं। इन स्कूलों का पूरा कार्य शिक्षकों द्वारा किया जाता रहा है। इन स्कूलों के लिए भी बहुत जल्द चर्चा करके वे पद की स्वीकृति दिलाने का प्रयास करेंगे। जिससे समस्त स्कूलों की समस्या हल हो सके। अपनी नियुक्ति के लिए उन्होंने पूर्व मंत्री विधायक अमर अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है

### मृदुल का छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में प्रोबेशनरी अफसर के पद पर चयन

बिलासपुर। शहर की मृदुल देवांगन का छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर चयन किया गया है।



मूलतः टिकरापारा की रहने वाली मृदुल ने बताया कि यह उनका पहला ही प्रयास था। जिसमें उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और बड़ों का मार्गदर्शन पाकर यह सफलता प्राप्त की। वह शुरू से ही स्कूल और कालेज में भी काफी प्रतिभावन थीं। इनके पिता मनोज देवांगन और माता सुनीता देवांगन तथा भाई अत्यंत देवांगन ने इस सफलता के लिए प्रसन्नता व्यक्त की है।

### प्रयागराज में नेहा शोध के लिए मानद उपाधि से सम्मानित



बिलासपुर। थावे विद्यापीठ का विशेष अधिवेशन 22 फरवरी को प्रयागराज के भजनानंद आश्रम में आयोजित हुआ। जिसमें लेखिका तथा समीक्षक नेहा सिंह राजपूत को उनके शोध विषय श्रीमद् भगवद् गीता के उपलक्ष्य में पीएचडी अथवा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर थावे विद्यापीठ के कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति कुलाधिपति मंडलेश्वर श्री श्री हरिहरानंद महाराज, परम संत मौनी बाबा तथा अन्य संत महंत इत्यादि, कुल सचिव सीएस दयाल यति उपस्थित रहे। नेहा सिंह राजपूत तथा संजय सिंह राजपूत द्वारा रचित ग्रंथ 21 वीं सदी के दृष्टिकोण से श्रीमद् भगवद् गीता के विमोचन का भी साक्षी रहा।

### होली एवं ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आज

बिलासपुर। आगामी होलिका दहन, होली एवं ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 27 फरवरी को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में शाम 5.30 बजे से होगी।

**हरिभूमि की खबर का असर** यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में सुविधा बढ़ाने का प्रयास

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने खरीदी आधुनिक एम्बुलेंस, डाक्टरों की होगी नियुक्ति

बिलासपुर। एक समय बिलासपुर में मेडिकल कालेज सिम्स का संचालन करने वाली गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर की अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने बीच में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने अपने कैंपस के हेल्थ सेंटर में सुविधाओं का विस्तार करने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है और इसी कड़ी में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से आधुनिक एम्बुलेंस खरीदा गया है। इसके अलावा मेल व फिमेल एक-एक डाक्टरों की संविदा आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के अधीन कई सालों तक मेडिकल कालेज का संचालन होता रहा है। हांलाकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अपग्रेड होने के बाद मेडिकल कालेज यूनिवर्सिटी से अलग हो गया थ। इस तरह से मेडिकल कालेज का संचालन कर चुके यूनिवर्सिटी के स्वयं हेल्थ सेंटर की स्थिति ठीक नहीं थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में टीचिंग व नान टीचिंग मिलाकर एक



हजार से अधिक स्टाफ है। इनमें से लगभग डेढ़ सौ से दो सौ शिक्षक और अधिकारी-कर्मचारी यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित आवासीय कालोनी रहते हैं। इसी तरह यूनिवर्सिटी में 10 हजार के आसपास स्टूडेंट्स पढ़ते हैं, जिनमें से करीब 2 हजार छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी परिसर के ब्वायस एवं गर्ल्स हास्टल में रहते हैं। इन सभी के स्वास्थ्य सुविधा के लिए यूनिवर्सिटी में एक हेल्थ सेंटर हैं। यह भी कार्यालयीन समय में सुबह 9 बजे खुलता है और शाम 6 बजे के बाद बंद हो जाता है। शनिवार-रविवार अवकाश दिन हेल्थ सेंटर बंद रहता है। रात में भी क्लीनिक में कोई नहीं रहता है। यूनिवर्सिटी परिसर में रहने वाले किसी शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी या स्टूडेंट्स को कुछ हो जाता है या अचानक उनकी तबियत खराब हो जाती है तो उन्हें शहर के अस्पताल लाना पड़ता है। पिछले दिनों कुछ घटनाओं को लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रहने वाले स्टाफ और हास्टल के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सवाल खड़े होने लगे थे। क्योंकि हेल्थ सेंटर में एक पुराना एम्बुलेंस था और केवल एक ही संविदा पुरुष डाक्टर कार्यरत थे। इस मुद्दे को हरिभूमि ने बीच में उठाया था, उसके बाद यूनिवर्सिटी ने उसे संज्ञान में लेते हुए हेल्थ सेंटर में सुविधा बढ़ाने की दिशा में काम शुरू किया है। यूनिवर्सिटी ने लगभग 20 लाख रुपए की लागत से एक आधुनिक एम्बुलेंस खरीदा है। इसके साथ ही एक पुरुष व एक महिला डाक्टर की संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन मंगाया है।

#### परमानेंट डाक्टर रिटायर्ड हो चुके

यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में परमानेंट स्टाफ की कमी है। परमानेंट जो डाक्टर थे वे करीब ढ़ाई साल पहले रिटायर हो गए हैं और वर्तमान में कांटेक्ट बेस पर एक डाक्टर वहां पदस्थ हैं। उनके अलावा एक प्यून, एक ड्राईवर, एक ड्रेसर और एक एएनएम स्टाफ तथा एक फिजियोथैरिपिस्ट कार्यरत है। इनके अलावा कोई लेडी डाक्टर भी नहीं है, जबकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद हेल्थ सेंटर में एक लेडी डाक्टर रखने का निर्णय भी हुआ था, किन्तु पोस्टिंग आज तक नहीं हो पाई। यहां पर डाक्टरों सहित पैरामेडिकल और अन्य स्टाफ बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी तरह हेल्थ सेंटर को अस्पताल के रूप में अपग्रेड करके स्वास्थ्य ईलाज की सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए।

#### मंगाए गए आवेदन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में एक नया आधुनिक एम्बुलेंस खरीदी गया और एक एम्बुलेंस पुराना वाला पहले से है। इसके अलावा मेल एवं फिमेल एक-एक डाक्टरों की संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव
मीडिया प्रभारी, सीयू

फिलहाल शहर के पुराने चार रेत घाटों में ही खुदाई की अनुमति

# धरपकड़ के बाद भी रेत चोरों के हौसले बुलंद, बिना अनुमति कर रहे खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण जिले में नई रेतघाटों में खुदाई के लिए फिलहाल अनुमति नहीं मिल सकी है। ऐसे में फिलहाल चार पुराने रेतघाटों से ही रेत खनन की अनुमति है। दिक्कत यह है कि जिन रेतघाटों में खुदाई प्रतिबंधित है, वहां रेत चोरों की सक्रियता हद से ज्यादा देखी जा रही है। खुदाई के पीछे वास्तव में रेत चोर हैं, या कोई और ये जांच का विषय है।

■ शेष स्थानों पर पर्यावरण विभाग की एनओसी के बगैर खुदाई की अनुमति नहीं

जिले में चार पुराने रेत घाटों में रेत खनन जारी है। इन रेतघाटों में उदईबंद, अमलडीहा, करहीकछार एवं सोढ़ारखुर्द शामिल हैं, जबकि नए रेतघाटों के लिए पर्यावरण विभाग की एनओसी नहीं मिल पाने के कारण खुदाई फिलहाल प्रतिबंधित है। इस घाटों के अलावा अरपा नदी पर लोखंडी व सेंदरी सहित विभिन्न स्थानों पर रेत का अवैध खनन जारी है। नदी में पानी पूरी तरह सूख चुके होने के कारण चोरों के लिए रेत खनन काफी आसान हो चुका है। रात तीन बजे के बाद इनकी नदी में एंट्री होती है व सुबह सात बजे तक अपना काम खतम करके रेत चोर ऐसे बारह निकल जाते हैं, जैसे रेत चोरी के बारे में कुछ जानते ही न हों। खनिज विभाग द्वारा लगातार अवैध खनन से जुड़े वाहनों की धरपकड़ की बात कही गई है, लेकिन विभाग की कार्रवाई का रेतचोरों में कोई भय नजर नहीं आ रहा है।



#### यहां की रेत केवल पटाई के लायक

भवन निर्माण से जुड़े लोगों का कहना है कि अपना भवन बनवा रहा कोई भी व्यक्ति अगर भवन निर्माण में समझौता करना चाहे तो ही स्थानीय घाटों से निकलने वाली रेत का इस्तेमाल निर्माणाधीन भवन के प्लास्टर के लिए कर सकता है। इसके विपरीत गुणवत्तायुक्त सामग्री का इस्तेमाल करने की चाहत रखने वाला व्यक्ति यहां की रेत का प्लास्टर में इस्तेमाल ही नहीं करता। जानकारों का कहना है अरपा की रेत 90 प्रतिशत तक केवल पटाई संबंधी कार्यों के लिए काम में लाई जाती है। भवन निर्माण के लिए लोग शिवरीनारायण की रेत को प्राथमिकता देते हैं, भले ही कीमत कुछ अधिक देनी पड़े।

#### चिल्हर में 19 सौ रूपए ट्रैक्टर

ऐसे ग्राहक जिन्हें एक ट्रैक्टर रेत चाहिए उनके लिए रेत की कीमत 19 सौ रूपए ट्रैक्टर तय की गई है। इसी तरह ऐसे ग्राहक जिनके भवन निर्माणाधीन हैं और रेत की लगातार आवश्यकता है, जिससे इनके लिए रेत सत्रह सौ रूपए प्रति ट्रैक्टर की दर पर उपलब्ध है। नाम नहीं छापने की शर्त पर शहर के ही एक रेत सप्लायर ने बताया कि वैसे रेत की फिलहाल कोई तय कीमत नहीं है। ग्राहक की जरूरत के हिसाब से रेत की कीमत तय की जाती है। ग्राहक को अगर रेत तत्काल चाहिए तो रेत 22 सौ रूपए तक की कीमत में भी बेची जा रही है।

#### की जा रही है कार्रवाई

जिले में अभी चार पुराने रेतघाट संचालित हैं, जहां खनन हो रहा है। इसके अलावा नए रेतघाटों में खनन की स्वीकृति पर्यावरण विभाग के एनओसी के अभाव में फिलहाल नहीं दी गई है। अवैध खनन के मामलों में लगभग रोज ही वाहनों की धरपकड़ की जा रही है।

-किशोर कुमार गोलघाटे,
उपसंचालक खनिज विभाग

### आईजी और एसएसपी ने स्वाति और संध्या का किया सम्मान





बिलासपुर। आईजी रामगोपाल गर्ग ने विशेष शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक सतलोक साय पैकरा और मनप्यारी देवी की सुपुत्री कुमारी स्वाति पैकरा का सिविल जज परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही चयन होने पर हार्दिक बधाई दी। सुश्री स्वाति डीपी कॉलेज से बीए एल एल बी करने के बाद प्रथम प्रयास में ही सिविल जज कि परीक्षा उत्तीर्ण की। उनके पिता पुलिस विभाग की विशेष शाखा में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। परीक्षा में चयन के बाद स्वाति आज आईजी से आशीर्वाद लेने अपने पिता और जोनल पुलिस अधीक्षक दीपमाला कश्यप के साथ कार्यालय पहुंची। इसी तरह प्रधान आरक्षक (चालक) उमाकांत कौशिक एवं मंदाकिनी कौशिक की पुत्री संध्या कौशिक कक्षा 12वीं में प्रदेश में सर्वोच्च अंक प्राप्त थी, सिम्स द्वारा उन्हें 2 गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। उनके पिता को भी आईजी रामगोपाल गर्ग ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए स्मरणिका प्रदान सम्मान किया। स्वाति पैकरा को एसएसपी रजनेश सिंह ने भी आशीर्वाद और बधाई दी।

## एजुकेशन प्लस

### कृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ग्रेजुएशन डे पर दी रंगारंग प्रस्तुति




बिलासपुर। कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी बिलासपुर में ग्रेजुएशन दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी रीता तिवारी रही। कृष्णा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर वेदांश त्रिपाठी, सविता त्रिपाठी उपस्थित थे। स्कूल की प्राचार्या ने पुष्प-गुच्छ से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। किड्स सेक्शन की शिक्षिकाओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।

प्रारंभिक चरण में स्कूल की तीनों शाखाओं से बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसमें स्कूल नहीं जाना मैं, तारा रमपम, संपने रे, गढवाली नृत्य, जियो तो हर पल, बीते कल है हम तो सीखते, होली थीम आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और योग्य नागरिक बनने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात बच्चों द्वारा मंत्र व कविता वाचन किया गया।

शिक्षिका मनीषा अवस्थी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समस्त कार्यक्रम डारेक्टर सविता त्रिपाठी, वेदांश त्रिपाठी प्राचार्या रुनकी अम्बष्ट, उप-प्राचार्य रमन मिश्रा, हेमलता शर्मा, अरुणा पाण्डे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अजय पाण्डेय, चंद्रेश घृत, रचना शर्मा, रजिया परवीन,रेखा वर्मा विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन ऋतु झा, रंजीता भास्कर, रफत जहान, अदिति सिंह ने किया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे लोग




बिलासपुर। लिंक रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में गुरूवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

अपोलो हॉस्पिटल के एमडी डॉ. मंदार गोकाटे ने शिविर में पहुंचे लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। शिविर में डायबिटीज, बीपी,कॉलेस्ट्रॉल सहित अन्य बीमारियों की जांच कर मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया। डॉ. मंदार गोकाटे ने कहा कि लोगों को ऐसे शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। इन शिविरों में इलाज तो होता ही है, सही समय पर लोगों को बीमारी की जानकारी भी मिलती है। वे इसका ट्रीटमेंट कराना शुरू कर दें तो बड़ी बीमारी को बढ़ने से पहले ही रोक सकते हैं। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर चंद्रकात सतारके,बीओबी के रीजनल मैनेजर प्रवीण कुमार, शाखा प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

### सीयू के गेट के सामने आमरण अनशन पर बैठे छात्र

बिलासपुर। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रतिबंध हटाने एवं प्रवेश निरस्तीकरण वापस लेने की मांग को लेकर छात्र सार्थक मिश्रा और सुदीप शास्त्री का आमरण अनशन लगातार जारी है। दोनों छात्र यूनिवर्सिटी परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे हैं और प्रबंधन से सीधे वार्ता की मांग कर रहे हैं।

■ प्रवेश प्रतिबंध हटाने की मांग

सेंट्रल यूनिवर्सिटी मेनगेट सामने आमरण अनशन पर बैठे छात्रों का कहना है कि उनका भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इस समय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की तैयारियों और आयोजन में व्यस्त है। छात्रों का आरोप है कि पिछले चार महीनों से उन्हें केवल झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। हर बार कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया, लेकिन ठोस निर्णय लेने के बजाय केवल ऑब्जर्वेशन पीरियड बढ़ाया जाता रहा। छात्रों का कहना है कि बार-बार अवधि बढ़ाने से समस्या का समाधान नहीं हुआ, बल्कि मानसिक और शैक्षणिक दबाव और बढ़ गया है। कई बार ज्ञापन देने और मिलने का समय मांगने के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया गया है। छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे विश्वविद्यालय की गरिमा बनाए रखते हुए अपनी मांग रख रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि कॉन्फ्रेंस के साथ-साथ छात्रों के भविष्य को भी प्राथमिकता दी जाए और चार माह से लंबित मामले पर तत्काल ठोस निर्णय लिया जाए।

इधर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। परिसर में छात्रों और छात्र संगठन की नजरें अब प्रबंधन के अगले कदम पर टिकी हैं।

### ड्रीमलैंड के बच्चों ने दिया पानी पर्यावरण बचाने का संदेश



बिलासपुर। ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागी बच्चों ने अलग-अलग वेशभूषा में आकर पानी व पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने सहित कई महत्वपूर्ण संदेश दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्या खत्री, सेवानिवृत्त व्याख्याता डॉ नंदिनी तिवारी ने किया। प्राचार्य निवेदिता सरकार एवं उप प्राचार्य तापोषी सरकार ने ग्रीन बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नर्सरी, केजी 1, केजी 2, कक्षा पहली के बच्चों ने भाग लिया एवं फल, सब्जी, फूल, महान नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, यातायात के नियम, जानवर, देवी-देवता, छत्तीसगढ़ी महिला सहित अलग-अलग प्रदेश के वेशभूषा में रहे। साथ ही पेंगुइन बनाकर शांति का प्रतीक संदेश वाहक, अमरूद फाइबर का स्रोत संतरा, रोग प्रतिरोधक की क्षमता तरबूज, पानी से भरपूर टोमेटो और कैप्सिकम यूनिटी को बढ़ाने वाले विचारों से अवगत कराया। मंच संचालन सीमा भट्टाचार्य ने किया। आयोजन में पुष्पा बेगूर एवं दीपाली विश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता में एंजेल सिंह, जानवी नेताम, अर्णव शुक्ला, रुद्र प्रताप, हंसिका, चांदनी, आरोही ध्रुव केजी 2, अश्विका शर्मा, मेधा जावलकर, दीपांशी, अथर्व पांडेय, जानवी यादव, अपर्णा पांडेय कक्षा पहली, आशी तिवारी, प्रियांशु वर्मा, आराध्या श्रीवास, अनुभव, सौभाग्य राव मगर, भव्या तिवारी केजी 1 से, देवांश जायसवाल, अनिल शुक्ला, अनुष्का चंद्राकर, विभूति गुप्ता, प्रियांशी सिंह नर्सरी सहित अन्य सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अतिथि डॉ तिवारी ने अपने आशीर्वचन में बच्चों के धैर्य, स्मरण शक्ति व अनुशासन की सराहना की। प्राचार्य श्रीमती सरकार ने अभिभावकों से निवेदन किया कि बच्चों की क्षमता के अनुकूल ही उन्हें आगे बढ़ाने प्रेरित करें।

### राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की घोषणा का स्वागत

बिलासपुर। भारत सरकार ने महिलाओं में होने वाले प्रमुख सरवाईकल कैंसर से बचने के लिए हयुमन पेपिलोमा वायरस, एचपीवी वेक्सीन के सिंगल डोज के साथ राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की घोषणा की है।






इंडियन एकेडेमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की शहर इकाई ने इस निर्णय का स्वागत किया है।

एकेडमी के सदस्य डॉ प्रदीप सिहारे, वेक्सीन एक्पर्ट व पूर्व इन्डियन एकेडेमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की नेशनल ब्रान्च एडवाइजरी कमेटी ऑफ वेक्सीनेशन एंड इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के सदस्य ने बताया कि अभी हाल में डब्लू एचओ ने अनेको रिसर्च, भारतीय भी के आधार पर प्रमाणित किया है कि एचपीवी का सिंगल डोज 95% प्रोटेक्शन देता है और भारत जैसे ज्यादा पापुलेशन वाले देश में अति उपयोगी होगा। जितना ज्यादा कवरेज होगा उतना ज्यादा प्रोटेक्शन होगा। उन्होंने बताया कि यह वेक्सीन अगर नौ से चौदह वर्ष के बीच लगाई जाए तो प्रबल इम्यून रिस्पॉन्स मिलता है और ज्यादा असरदार होती है। जो छूट गए उन्हें सिंगल डोज 20 साल की उम्र तक लगाने की सलाह दी गई है। 20 साल के बाद 2 डोज देने होंगे। याद रहे वेक्सीन का सही प्रभाव तभी होगा जब यह सेकसुअल एक्टीविटी के पहले लगाई जाए। वैसे बाद में भी लगाई जाती है, परन्तु अगर एचपीवी के किसी स्ट्रेन का इन्फेक्शन हो गया होगा तो उस पर टीकुलर स्ट्रेन से सुरक्षा नहीं मिलेगी।

### बाजार में सस्ती हुईं सब्जियां

बिलासपुर। लोकल आवक बढ़ने के बाद बाजार में सब्जियों की कीमत काफी कम हो चुकी हैं। हालत यह है कि कम कीमतों में भी सब्जी विक्रेताओं को खरीदार नहीं मिल पा रहे हैं। एक समय पर अपनी उच्चतम कीमत पर शहरवासियों को रूला देने वाला टमाटर अभी बीस रूपए में तीन किलो की कीमत में उपलब्ध है। इसी तरह धनियां चालीस रूपए प्रतिकिलो एवं पत्ता गोभी दस रूपए प्रति नग की दर पर बेचे जा रहे हैं।

■ लोकल आवक बढ़ने से कम होने लगी कीमतें

शहर के सब्जी प्रेमियों के लिए अभी का समय बहुत अच्छा है। सब्जियों की कीमत इतनी कम हैं कि महज सौ रूपए में ही थैले भरकर सब्जियां मिल जा रहीं हैं। शनिचरी बाजार की तुलना में बृहस्पति बाजार में कुछ सब्जियों की कीमतों में थोड़ी अधिकता हो सकती है, लेकिन ज्यादातर सब्जियों की कीमतें एक जैसी ही हैं। बाजार में ताजे टमाटर बीस रूपए में तीन किलोग्राम की कीमत में मिल रहे हैं। इसी तरह धनिया पत्ती व फल धनिया चालीस रूपए प्रतिकिलो की दर पर उपलब्ध है। फूल गोभी व गाजर तीस रूपए प्रतिकिलो एवं पत्ता गोभी केवल दस रूपए प्रति नग की दर पर मिल रहा है। हरी मिर्च अस्सी रूपए एवं अदरक सत्तर रूपए प्रति किलो की दर पर उपलब्ध है।

बाजार में भाजी की कीमतों में भी काफी कमी आई है। भाजी की कीमत बाजार प्रारंभ होने के दौरान साठ रूपए प्रति किलो तक होती हैं, लेकिन शाम सात बजे के बाद इनकी कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक की गिरावट आ जाती है। शाम तक पालक, लाल भाजी एवं प्याज भाजी बीस रूपए प्रति किलो की दर पर भी मिल रही है। इसी तरह नई फसल आने के कारण नया आलू 50 रूपए में तीन किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। इसी तरह प्याज 25 से 30 रूपए प्रतिकिलो की दर पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### युवक से 1 लाख 98 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** बिना क्रेडिट कार्ड के युवक के नाम पर उनके बैंक खाते से 1 लाख 98 हजार रुपए ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, खमतराई अशोक नगर निवासी राजाराम साहू पिता मेलनराम साहू ने रिपोर्ट लिखाई। 14 जनवरी को उनके दोस्त कामता प्रसाद कश्यप के द्वारा उनके बैंक एकाउंट में 2 लाख रुपए लोन को क्लोज करने के लिए पैसा डाला गया था। राजराम साहू ने उन्हें फोन कर पैसा ट्रांसफर करने की जानकारी दी। उस दौरान वह लंच कर रहे थे, जिसके कारण 20 मिनट बाद रुपए चेक कर लोन में डालने का प्रयास किए तो पता उनके बैंक खाते से क्रेडिट कार्ड के नाम से 1 लाख 98 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है, जबकि उनके द्वारा क्रेडिट कार्ड नहीं बनवाया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### चावल, धान, नकद चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक मकान से चावल, धान, नकद रकम चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान जब्त कर लिया है।



कोनी पुलिस के अनुसार, घुटकू निवासी भूपेंद्र सूर्यवंशी के घर से 25 फरवरी की रात 2 बोरी धान, 1 बोरी चावल व नकद रकम चोरी हो गई थी। टीआई भावेश शेंडे चोरों के पतासाजी में लग गए थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर घुटकू पंडरीपारा निवासी अभय लास्कर पिता संतोष लास्कर 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर उसने भूपेन्द्र सूर्यवंशी के घर चोरी करना स्वीकार कर लिया।

### दो बदमाश चाकू सहित गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होली के पूर्व सिविल लाइन पुलिस ने कुदूदण्ड, तालापारा, जरहाभाठा मिनीबस्ती में हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा बदमाशों के घरों में दबिश देकर जांच की गई। इस दौरान दो बदमाशों को चाकू के साथ पकड़ा गया है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू ने गुरूवार की रात अभियान चलाकर कुदूदण्ड, तालापारा, जरहाभाठा मिनीबस्ती में दबिश देकर हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मैडी, सिद्धार्थ शर्मा, विनोद बंजारा, रूपेश दुबे, राज शर्मा, अविनाश बोरकर, दिलीप बंजारे, नवीन तिवारी, इलू सिंह, राहुल सोनवानी के घरों में दबिश देकर सामानों की जांच की। इस दौरान ने दो लोगों को पकड़कर उनसे चाकू बरामद किया है। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह दो बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### ब्रेड खाने पर ठेले वाले ने गाय को मारा चाकू

**बिलासपुर।** ठेले में सजा ब्रेड खा लेने पर ठेलेवाले ने गाय को चाकू मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस ठेला संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, टिकरापारा निवासी अफताब खान ठेले में खाने का सामान बेचता है। गुरूवार को दोपहर में वह घर के सामने ठेला में सामान सजा रहा था। इसी दौरान गाय ने उसके ठेला के पास आकर ब्रेड को खा लिया। इससे आक्रोशित होकर अफताब खान ने गाय पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया।

**एमआईसी ने लिया निर्णय** 70 वार्डों में से किसी एक को बनाया जाएगा आदर्श वार्ड

# नगर निगम में जैम पोर्टल से होगी सामग्री खरीदी व लेबर ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में अब सामग्री खरीदी एवं लेबर ठेका जैम पोर्टल के माध्यम से होगी। गुरुवार को नगर निगम में मेयर इन कौंसिल की बैठक में खरीदी का टेंडर जैम पोर्टल से किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा निगम के 70 वार्डों में से किसी एक वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने का भी फैसला लिया गया है।

नगर निगम में गुरुवार शाम एमआईसी की बैठक महापौर श्रीमती पूजा विधानी की अध्यक्षता एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार सहित जोन कमिश्नरों व एमआईसी मेंबर पार्षदों की उपस्थिति में हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शासन से जैम पोर्टल के संबंध में निर्देश आया है, जिसपर एमआईसी की बैठक में चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि नगर निगम में अब जो भी सामग्री खरीदी या लेबर का टेंडर होगा, वह जैम पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए निगम के सभी जोन कमिश्नरों और इंजीनियरों को रजिस्ट्रेशन नंबर दिया जाएगा। इसी तरह नगर निगम अंतर्गत आने वाले 70 वार्डों में से किसी एक वार्ड को आदर्श वार्ड का रूप दिया जाएगा। इसके लिए उस वार्ड में सड़क, नाली, पानी, बिजली, साफ-सफाई सारी चीजों पर विशेष कार्य किए जाएंगे।



### आठ उप अभियंताओं को प्रमोशन

नगर निगम एमआईसी की बैठक में 8 सब इंजीनियरों को प्रमोशन देकर सहायक अभियंता बनाए जाने का निर्णय लिया गया और प्रमोशन के प्रस्ताव को एमआईसी में अनुमोदन पश्चात शासन को भेजा जाएगा। इसमें उप अभियंता शशि वारे, श्रीमती श्वेता वर्मा, आशीष पांडेय, श्रीमती वर्षा साहू, श्रीमती ज्योति साहू, विकास पात्रे, श्रीमती मीनू भगत, सुश्री रश्मि भौमना का नाम शामिल है।

### पेयजल संधारण के लिए सभी जोन को 10-10 लाख रुपए

आगामी गर्मी के सीजन को देखते हुए पेयजल व्यवस्था एवं संधारण के लिए प्रत्येक जोन को 10-10 लाख रुपए दिए जाने का निर्णय लिया गया है ताकि पाइप लाइन छतिग्रस्त होने या मोटरपंप जलने से लेकर किसी तरह की कोई समस्या आती है तो उसे तत्काल मरम्मत कराया जा सकें। इसके अलावा एमआईसी की बैठक में टैक्स वसूली की टारगेट पूरा करने बड़े बकायदारों से वसूली करने पर जोर दिया गया तथा अवैध नल कनेक्शन को नियमित करने पर भी चर्चा हुई।

### पेट्रोल पंप में गड़बड़ी का मामला उठा

एमआईसी की बैठक में नगर निगम के पेट्रोल पंप में गड़बड़ी का मामला भी उठा। पेट्रोल पंप में कितना-कितना पेट्रोल किस-किसको दिया जाता है और कितनी आय तथा नुकसान हो रहा है इस पर चर्चा हुई तथा पेट्रोल पंप को निजी हाथों में ठेका पर दिए जाने के विषय पर भी विचार किया गया। इसकी पूरी जानकारी एमआईसी की अगली बैठक में रखी जाएगी, उसके बाद नगर निगम अपने पेट्रोल पंप को ठेका में देगी।

### शासन का निर्णय है

जैम पोर्टल के माध्यम से खरीदी टेंडर करने का निर्देश शासन का है, इसलिए आज एमआईसी जैम पोर्टल माध्यम से ही सामग्री खरीदी का निर्णय लिया है। इसी तरह निगम के 70 में से एक वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने और अन्य एजेंडों पर भी निर्णय लिया गया है।

**-श्रीमती पूजा विधानी,** महापौर

लगभग 20 एकड़ जमीन पर ग्रामीणों ने बना लिए मकान

# कालीछापर में निगम की जमीन पर बस गई बस्ती, सीपत तहसील ने सौंपी सीमांकन रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित देवकीनंदन दीक्षित द्वारा नगर निगम को दान वर्षों पहले दान में दी गई कालीछापर की जमीन पर बेजा-कब्जा में बस्ती बस गई है। लगभग 20 एकड़ जमीन पर कच्चे-पक्के मकान बनाकर ग्रामीण निवास कर रहे हैं। वहीं अतिक्रमण कर खेती भी की जा रही है।

- **अतिक्रमण हटाने से बच रहा निगम**

कालीछापर की जमीन की नापजोख पूरी हो गई है और सीपत तहसील ने सीमांकन रिपोर्ट नगर निगम को सौंप दी है।

पं. देवकीनंदन दीक्षित द्वारा नगर निगम को दान मिली जमीन का सर्वे, सीमांकन नगर निगम व राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक, पटवारियों की टीम द्वारा की गई है। सीपत तहसील अंतर्गत ग्राम कारीछापर में नगर निगम की जमीन है। यह जमीन शहर के प्रतिष्ठित दानदाता पं. देवकीनंदन दीक्षित ने नगर पालिक निगम को दान में दी थी। शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण दान में मिली पं. देवकीनंदन दीक्षित ट्रस्ट की जमीन की निगम मानिटरिंग नहीं कर पाया, जिसके कारण उक्त जमीन के बड़े भू-भाग पर बेजा-कब्जा हो चुका है। कुछ जमीन पर बेजा कब्जा कर खेती भी की जा रही है, वहीं दान की जमीन पर घोषित रूप से बस्ती बस गई है। नगर निगम ने इस जमीन का सर्वे, सीमांकन कराने का निर्णय लिया था। इसके लिए सीपत तहसील अंतर्गत राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की टीम गठित की गई थी।

निगम अमला के साथ मिलकर राजस्व विभाग की टीम कई दिनों तक कारीछापर जाकर जमीन की नापजोख, सीमांकन की, उसके बाद सीपत तहसील ने सीमांकन रिपोर्ट नगर निगम को सौंप दी है। चूंकि दान में मिली निगम की जमीन पर बेजा कब्जा में पूरी बस्ती बस गई है, इसलिए नगर निगम उक्त जमीन को खाली कराने उसमें हाथ डालने से बच रहा है।



सीमांकन के दौरान उपस्थित नगर निगम का राजस्व अमला और स्थानीय नागरिक।

### कुल 107 खसरों में 76. 87 एकड़ भूमि

सीपत तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जुहली के आश्रित ग्राम कारीछापर में विभिन्न 107 खसर नंबरों की कुल 76. 87 एकड़ जमीन है। पं. देवकीनंदन दीक्षित ने आजादी के पहले साल 1943 में नगर पालिक परिषद को उक्त जमीन दान में दी थी। राजस्व रिकार्ड में जमीन का मालिक नगर निगम बिलासपुर है। राजस्व विभाग की टीम ने आज कुल 107 खसर नंबरों में 33 खसरों के जमीन की नापजोख की है। यह जमीन काफी दूर तक फैला हुआ है, इसलिए पूरी जमीन के सीमांकन में थोड़ा समय लगेगा।

### शहर में जमीन पर स्कूल औषधालय दान किया

पं. देवकीनंदन दीक्षित ने सीपत, कारीछापर के अलावा बिलासपुर शहर भीतर भी काफी जमीन दान की है। उनके द्वारा दान की गई जमीन में से वर्ष 1936 में सिटी कोतवाली के सामने आयुर्वेदिक औषधालय और वनोषधि गार्डन बनाया गया था। वर्तमान में यहां नगर निगम का जोन आफिस लगता है। पं. देवकीनंदन दीक्षित ने बच्चियों की शिक्षा के लिए शहर में दो स्कूल भी बनवाए थे। इसमें खपरगंज में बालिकाओं के लिए प्रायमरी व मिडिल स्कूल तथा देवकीनंदन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल है। इसके अलावा सरकंडा स्थित दान में दी गई जमीन पर सरकंडा मुक्तिधाम श्मशान घाट बना है। शहर के सदरबाजार में पं. देवकीनंदन दीक्षित का घर था। नगर निगम ने उक्त घर को एक ज्वेलरी दुकान वाले को किराए पर दिया हुआ है।

### बस गई है बस्ती

नगर निगम को कारीछापर में दान में जो जमीन मिली है उसका सर्वे, सीमांकन कार्य पूरा हो गया है। सीमांकन की रिपोर्ट भी सीपत तहसील से आ गई है। दान की जमीन में बेजा कब्जा कर ग्रामीणों द्वारा खेती की जा रही है और बस्ती भी बस गई है।

**-जुगलकिशोर सिंह,** उप अभियंता, ननि



दुर्घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

# मोपेड सवार दंपती को ट्रेलर ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दशगात्र में जा रहे मोपेड सवार दंपती को बेलगाम ट्रेलर के चालक ने टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घायल पति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, गुरूवार को गढ़वट निवासी रामायण कश्यप अपने पत्नी गीता बाई कश्यप को लेकर अपने पावर एक्सेल क्रमांक सीजी 12 बीयू, 9771 से दशगात्र में शामिल होने के लिए बेलपारा जा रहे थे। सुबह 9 बजे बेलतरा हाईवे में संदीप कपड़ा दुकान के सामने पहुंचे थे। इसी दौरान जाली की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एयू, 2454 के चालक ने मोपेड को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट आने से गीता बाई कश्यप की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उनके पति रामायण कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने देवकुमार कश्यप की रिपोर्ट पर ट्रेलर के चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1, 125 ए, 281 व 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे युकांइयों को पुलिस ने रोका



**बिलासपुर।** युवा कांग्रेस द्वारा गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया था। इसके अलावा युवा कांग्रेसी भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे थे। लेकिन भाजपा कार्यालय से पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

युवा कांग्रेस द्वारा भाजपा कार्यालय के घेराव की सूचना मिलने पर पुलिस बल पहले से मौके पर पहुंच गई थी और बेरिकेड लगाकर कश्यप कालोनी के पास ही युवा कांग्रेसियों को रोक लिया, जिससे वे भाजपा कार्यालय तक पहुंच नहीं पाए। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व देश में हुए एआई समिट में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसे देश विरोधी बताकर केन्द्र की सरकार युवा कांग्रेसी एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब को गिरफ्तार कर लिया गया। पिछले चार दिनों से उन कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है उसके विरोध में आज युवा कांग्रेस ने देश के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि जब तक हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को बाहर नहीं किया जाता युवा कांग्रेस तब तक विरोध प्रदर्शन करती करती रहेगी। आज घेराव करने पहुंचे युवा कांग्रेसियों में राजू यादव, भावेन्द्र गंगोत्री, गोपाल दुबे, आशीष गोयल, संतोष गर्ग, लक्ष्मी साहू, अमितेश राय, सुनील साहू, महेश ठाकुर, विकास सिंह, सोहैल खलिक, रंजीत सिंह, निखिल राय, विराज रजक, प्रमोद जोशी आदि शामिल थे।

### युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, अटल आवास निवासी आरब घोसले पिता शिव घोसले 26 फरवरी की सुबह 9.45 बजे काम स्कूटी से शनिचरी बाजार जाने निकला था। अटल आवास अनमोल किराना दुकान के पास आकास साहू उन्हें मिला। पुरानी रंजिश को लेकर आकाश साहू उसके साथ गाली गलौज करने लगा। उसने गाली देने से मना किया तो आकाश साहू ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से अटल आवास में हड़कंप मच गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए और घायल आरब को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पिता शिव घोसले ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर आकाश साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।



# फरार कांग्रेस नेता, गुण्डा बदमाश को पकड़ने इनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईजी के आदेश के बाद भी मस्तूरी पुलिस गोलीकांड के फरार आरोपी कांग्रेस नेता, गुण्डा बदमाश को नहीं पकड़ पाई। आखिरकार एसएसपी को दोनों को पकड़ने के लिए इनाम की घोषणा करनी पड़ी है।

- **मस्तूरी गोलीकांड के मामले में फरार है आरोपी**

28 अक्टूबर 2025 को शाम 6 बजे मस्तूरी बस स्टैण्ड के पास आफिस के बाहर जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह, तुकेश सिंह, चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह, तमेश सिंह, बबला सिंह पर नकाबपोशों ने फायरिंग की थी। पुलिस ने उक्त मामले में विश्वजीत अनंत, अरमान उर्फ बलमजीत अनंत, चाहत उर्फ विक्रमीजीत, मोहम्मद मुस्तकीन उर्फ नफीस, मोहम्मद मतीन उर्फ मोंटू, दो नाबालिग व बाद में षड़यंत्रकर्ता कांग्रेस नेता अकबर खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उक्त मामले में षड़यंत्रकर्ता व सुपारी देने वाले मुख्य सरगना कांग्रेस नेता तारकेश्वर पाटले, तोरवा थाने का गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय फरार हैं। पिछले दिनों आईजी रामगोपाल गर्ग ने बैठक में मस्तूरी सीएसपी को 7 दिन में फरार आरोपियों को पकड़ने का आदेश दिया था। उसके बाद भी पुलिस ने दोनों फरार आरोपियों को नहीं पकड़ पाई। 26 फरवरी को एसएसपी रजनेश सिंह ने दोनों फरार आरोपियों पर 5 - 5 हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

आम लोग फोन नम्बर एसपी 07752, 223330, एडीशनल एसपी ग्रामीण फोन नम्बर, 07752, 223193, पुलिस कंट्रोल रूम 07752, 228504 मोबाइल नम्बर 94791, 93099, मस्तूरी टीआई 94791, 93040 में सूचना दे सकते हैं।




### चोर जेवर, मोबाइल नकद लेकर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मकान मालकिन ने नींद खुलने पर आवाज लगाई तो चोर जेवर, मोबाइल, नकद रकम चोरी कर भाग निकला।

- **चकरभाठा थाने में जुर्म दर्ज**

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, आवासीय परिसर के बगल में हिर्री माइंस निवासी जयशंकर कश्यप ने रिपोर्ट लिखाई। 24 फरवरी को वे सब्जी बेचने सकरी बाजार गए थे। रात 12.10 बजे वे घर गए तो उनकी पत्नी रीना कश्यप ने बताया कि रात 11 बजे घर का दरवाजा खुला छोड़कर वे बच्चों के साथ कमरे में गईं। उनकी सास आंगन में सोई थीं। रात 11.50 बजे आवाज सुनकर उनकी नींद खुली तो अज्ञात व्यक्ति आलमारी का दरवाजा खोलता दिखा, आवाज लगाने पर वह भाग गया। चेक करने पर आलमारी में 2 पर्स नहीं थे। कमरे के बाहर निकलने पर दीवार के पास दोनों पर्स पड़े हुए मिले। उसमें रखे दो नग मोबाइल, सोने के टाप्स, 28 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। पुलिस ने श्री कश्यप की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।





## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में चार सड़कों के लिए साव ने दी 10 करोड़ की सौगात



**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री साव ने क्षेत्र की चार प्रमुख नई सड़कों के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग की ओर से चारों सड़कों के लिए 909.78 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। अरुण साव ने कहा कि, ग्रामीणों की मांग के अनुसार उक्त निर्माण कार्य स्वीकृति प्रदान की गई है, इससे यातायात में सुगमता होगी। मिली जानकारी के अनुसार बोड़तरा सिलतरा मुख्यमार्ग से गाड़ापारा तक 2.30 किमी लंबे मार्ग के लिए 3 करोड़ 44 लाख 54 हजार, ग्राम छातीपार से रजपालपुर तक 1.15 किमी लंबे मार्ग के लिए 2 करोड़ 18 लाख 68 हजार मात्र, ग्राम डिंडौल मुख्य मार्ग से विचारपुर तक 1.20 किमी लंबे मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 38 लाख 14 हजार, ग्राम नवागांव वेकट महामाया मंदिर से मूडानार तक 1.375 किमी लंबी सड़क के लिए 2 करोड़ 8 लाख 42 हजार मात्र की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### राजमेरगढ़ को एडवेंचर टूरिज्म हब बनाने की मांग



**पेंड्रा।** जिले के पर्यटन विकास को नई दिशा देने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। अमन शर्मा के नेतृत्व में जिला युवा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और डीएफओ मरवाही वनमंडल को ज्ञापन सौंपकर राजमेरगढ़ को एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि, छत्तीसगढ़ की ऊंची और मनोहारी चोटियों में शुमार राजमेरगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य और भौगोलिक दृष्टि से साहसिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयुक्त स्थल है। यहां पैराग्लाइडिंग, रोपवे और हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियां शुरू कर जिले को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर पहचान दिलाई जा सकती है युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन शर्मा ने कहा कि, यदि राजमेरगढ़ में एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत होती है, तो स्थानीय युवाओं को गाइड, प्रशिक्षक, ऑपरेटर और अन्य पर्यटन सेवाओं के माध्यम से सीधा रोजगार मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार के बजट में प्रस्तावित 10 हजार गाइड प्रशिक्षण योजना का लाभ भी जिले के युवाओं को दिलाने की मांग की।

### बच्चों के आधार पंजीयन व बायोमैट्रिक अपडेट के लिए स्कूलों में लगा कैंप



**लोरमी।** शासन के द्वारा सभी शालाओं में अध्ययनरत बच्चे, जिनका आधार कार्ड नहीं बना है अथवा जिनका बायोमैट्रिक अपडेट लंबित है, उनके लिए शाला स्तर पर आधार पंजीयन कैंप का आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित होकर अपना आधार सीडिंग का कार्य करवा रहे हैं। दिव्यांग अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु आवश्यक सहयोग करने के लिए भी शिक्षकों द्वारा प्रयास किया गया। वहीं इस संबंध में प्राचार्य दीपक ध्रुव ने समय सीमा में सभी तैयारियां को पूर्ण करते हुए शत-प्रतिशत बच्चों का आधार पंजीयन व बायोमैट्रिक अपडेट करने हेतु शिक्षकों को निर्देश दिया और पालकों को आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक आत्माराम कश्यप ने उपस्थित बच्चों के लिए सुविधापूर्ण कक्षा, जल की व्यवस्था, उनके बैठने के लिए कुर्सी, कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। साथ ही शाला के क्लर्क अभिनव द्विवेदी, शिक्षक रामनारायण राजपूत, राजकुमार कश्यप, प्रधानपाठक आरती गुप्ता, ललिता शर्मा, उमाशंकर राजपूत व राजकुमार अनंत ने उक्त कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है।

### जिले की 99.4 फीसदी आबादी ने किया फाइलेरियारोधी दवा का सेवन



**मुंगेली।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 10 फरवरी से सामूहिक दवा सेवन एमडीएम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 8 लाख 46 हजार 374 नागरिकों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया है। इस अभियान के तहत जिले में 99.4 प्रतिशत नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया रोधी समूहिक दवा सेवन अभियान में आशा कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति को उम्र एवं ऊंचाई के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया, दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है। इसे हमेशा स्वास्थ्यकर्मी की मौजूदगी में ही लेना है।

## कोटवार सम्मान समारोह में शामिल हुए आईजी-एसपी व कलेक्टर

# अपराधियों पर की जा रही त्वरित कार्रवाई: गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में 'बदलाव की शुरुआत, सुरक्षा के साथ' कोटवार सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग शामिल हुए। साथ ही कलेक्टर कुन्दन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था, सूचना तंत्र एवं प्रशासन-पुलिस समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। जिले भर से आए कोटवारों का सम्मान किया गया तथा ग्राम सुरक्षा और जनजागरूकता में उनके योगदान की सराहना की गई।

आईजी सहित अतिथियों का सम्मान- कार्यक्रम के अंत में पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग को स्मृति चिन्ह भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी अतिथियों को शॉल एवं डायरी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कोटवारों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर एवं मयंक तिवारी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में कोटवार मौजूद रहे।

**कोटवारों ने लोगों को जागरूक किया-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 'पहल' अभियाव के अंतर्गत दिए गए साइबर प्रशिक्षण को गांव-गांव तक पहुंचाकर कोटवारों ने लोगों को जागरूक किया, जिसका परिणाम यह रहा कि पूरी धान खरीदी अवधि में भुगतान से संबंधित साइबर ठगी की एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जिले के सभी थानों में प्राप्त शिकायत के आधार पर अपराधियों के ऊपर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

### अपराधों की रोकथाम में कोटवारों की भूमिका सराहनीय




कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने कहा कि, कोटवारों को पहल कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने दायित्वों का और अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने नशे की रोकथाम, साइबर फ्रॉड तथा अन्य अपराधों की रोकथाम में कोटवारों की सक्रिय भूमिका को अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होंने 'सशक्त-सीजी पुलिस ऐप' की जानकारी देते हुए बताया कि, इस एप के माध्यम से वाहन नंबर दर्ज कर उसकी स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। श्री गर्ग ने बताया कि, सभी पुलिस थानों में क्यू आर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें अपने मोबाइल से स्कैन करके कोई भी व्यक्ति अपना फीडबैक दे सकता है। उन्होंने ऐप के माध्यम से अपना अनुभव व सुझाव दर्ज करने के लिए आमजनों को प्रेरित करने कोटवारों से अपील की।

#### कार्यप्रणाली में समर्पण से सकारात्मक परिणाम मिलते हैं

कलेक्टर ने कहा कि जब मंशा स्पष्ट हो और कार्यप्रणाली में समर्पण हो, तो सकारात्मक परिणाम अवश्य मिलते हैं। उन्होंने जिले को मिली विभिन्न उपलब्धियों में कोटवारों की सक्रिय भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि, कोटवारों का सूचना तंत्र मजबूत होने से प्रशासन को जमीनी स्तर की सटीक जानकारी समय पर मिलती है। एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुगमता से संपन्न कराने में उनकी मेहनत और समर्पण की बड़ी भूमिका रही। धान खरीदी जैसे संवेदनशील कार्य का सफल संचालन बिना किसी अप्रिय घटना या कानून-व्यवस्था की स्थिति के संभव हो पाया, जिसमें अधिकारियों और कोटवारों के बेहतर समन्वय का विशेष योगदान रहा।

#### कोटवारों का पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान

वनमंडलाधिकारी ने 'पहल' कार्यक्रम को नई दिशा देने वाली पहल बताते हुए कहा कि, कोटवारों ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दिया है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रमों में उनकी उल्लेखनीय भागीदारी रही है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि, कोटवार गांवों में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं, तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति में प्रशासन और पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं।

## चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युकां का प्रदर्शन



लोरमी। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

विधानसभा युकां अध्यक्ष आकाश वैष्णव के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेसजन एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक एवं दमनात्मक कार्रवाई बताया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर, नपा नेता प्रतिपक्ष सालिक बंजारे, पार्षद शशांक वैष्णव धनंजय दुबे, कृष्णा निषाद, शेष साहू, संदीप ध्रुव, हिमांशु यादव, दिलीप साहू, चक्रधर यादव, राजेश जयासवाल, शिवम यादव, अजित केराम, रामनाथ मार्को, शुभम हिमांशु, राजेश अन्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युकां के प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ तीखी बहस



**पेंड्रा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने गौरेला के संजय चौक में एकत्रित होकर पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

पुतला दहन के दौरान पुलिस और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प भी देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों को रोकने के प्रयास में पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिससे कुछ देर के लिए संजय चौक क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि बाद में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन शर्मा, जिला महासचिव रवि राय, अमित पाठक, विद्या राठौर, अमित सोनी, निलेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी मुद्रिका सर्राटी, कुक्कू साठे, पार्षद असलम खान, विक्रांत रोहणी, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अजय पुलस्त, एवनपाल पैकरा, जिला महासचिव राहुल तिवारी, सहारत उरेती, राजकमल केशरी, ब्लॉक अध्यक्ष गौरेला निलेश गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष पेंड्रा मुकेश कश्यप, जिला सचिव रोहित जायसवाल, रेखा मराबी, अजय सोनवानी, जयलाल मराबी, गुलशन राठौर, कमलेश राठौर, कृष्णा धुर्वे , ईश्वर, अनिल टांडिया, राजकुमार, शिवम, भुनेश्वर यादव, खिलावन सिंह, अखिलेश गंधर्व, दीपक, विजय पैकरा, रवि पेंद्रो, दीपलाल सोनवानी, संजेश, जय बर्मन, शशांक कश्यप, योगेन्द्र काछी, मुकेश राठौर सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जेएमपी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया विधानसभा का भ्रमण



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर के छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्रत्यक्ष जानकारी देने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण पर नवा रायपुर स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन ले जाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि अश्विनी शर्मा ने बस को झंडा दिखाकर रवाना किया। शैक्षणिक भ्रमण में कुल 37 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। छात्रों का मार्गदर्शन प्राध्यापक डॉ राजीव शर्मा, डॉ डीपी चंद्रवंशी, इन्दु कौशल व प्राची गुप्ता ने किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विधानसभा की कार्यवाही प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिली, जिसमें प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, वाकआउट जैसी कार्यवाहियों से अवगत होकर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। विधानसभा भ्रमण के लिए डॉ धर्मजीत सिंह के सौजन्य से सुनहरा मौका मिला। रायपुर में विद्यार्थियों के साथ विधायक ने चर्चा करते हुए सबकी कुशलता एवं आने-जाने की यात्रा की जानकारी ली एवं सभी के लिए उत्तम भोजन व्यवस्था का प्रबंध करवाया। महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने विधायक डॉ धर्मजीत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, विधायकजी ने वार्षिकोत्सव पर छात्र-छात्राओं को विधानसभा भ्रमण के लिए ले जाने की घोषणा की थी।

## राजपूत क्षत्रीय समाज ने मनाया संगठन का स्थापना दिवस



तखतपुर। राजपूत क्षत्रीय समाज के संगठन का स्थापना दिवस बरेला स्थित महाराणा प्रताप भवन में मनाया गया। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर ने कहा कि, आज राजपूत क्षत्रीय समाज का संगठन एक बहुत ही मजबूत और जागरूक संगठन है, और यह सब समाज के सभी लोगों के कारण संभव हो सका है। इस अवसर पर भगवान सिंह, शंकर सिंह, हूप सिंह, बोधन सिंह, हीरा सिंह, धनंजय सिंह, देव सिंह, केशव सिंह, अनिल सिंह, रामस्नेही सिंह, धीरेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, ममात सिंह, विनिता सिंह, अनिता सिंह, सेवा सिंह, सुखदेव सिंह, योगेश क्षत्री, राम सिंह, दुखू सिंह, राजू सिंह, नानू सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक




**पेंड्रा।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी की अध्यक्षता में अरपा सभा कक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुचंद्र तिवारी सहित समिति के सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई के अंतर्गत रिक्त एवं भरे पदों की स्थिति, बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रकरण, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान, बाल विवाह रोकथाम, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्पॉन्सरशिप कार्यक्रम और पॉक्सो प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अमित सिन्हा ने बताया कि, बाल कल्याण समिति में कुल 49 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 20 का निराकरण किया जा चुका है। इनमें पॉक्सो के 5 तथा गुमशुदगी एवं स्पॉन्सरशिप के 15 प्रकरण शामिल हैं। अभियान के तहत जिले की 71 ग्राम पंचायतों और दो नगरीय निकाय नपं पेंड्रा व गौरेला को बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है। 28 जनवरी से 24 फरवरी के बीच 13 बाल-विवाह के प्रकरण रोके गए, जिनमें 7 बालक और 6 बालिकाओं के मामले शामिल हैं।

बैठक में बताया गया कि, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत प्राप्त 26 मामलों में से 12 का निराकरण किया गया है। यह भारत सरकार की निःशुल्क आपातकालीन सेवा है, जो संकट में फंसे 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सहायता प्रदान करती है। बाल श्रम, शोषण, तस्करी और घरेलू हिंसा जैसे मामलों में 60 मिनट के भीतर मदद उपलब्ध कराई जाती है। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में दिनेश प्रसाद गुप्ता, सविता तिवारी, अर्चना पांडे, अनु गुप्ता, नरेन्द्र कुमार बघमार, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे सहित श्रम, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिंधी पंचायत के नए अध्यक्ष बने मुरली



**तखतपुर।** सिंधी पंचायत के नए अध्यक्ष के रूप में मुरली गागवानी को चुना गया। पूज्य सिंधी पंचायत तखतपुर की बैठक सिंधु भवन में आयोजित की गई, जिसमें मुरली गागवानी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मुरली गागवानी ने कहा कि, वे समाज को हर व्यक्ति को लेकर चलेंगे और सिंधी समाज की सांस्कृतिक विरासत की जो पहचान है, उसे आगे लेकर जाएंगे।

उन्होंने बताया कि, आने वाले समय में नई कार्यकारणीय गठन किया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष राकेश मंदानी ने कहा कि, दो कार्यकाल में समाज के सभी लोगों का योगदान रहा, और समाज के हर वर्ग के सहयोग से कोरोना जैसे समय में समाज ने जो योगदान दिया वह अस्मरणीय है। कार्यक्रम का संचालन दिलीप तोलानी एवं आभार प्रदर्शन विनोद तोलानी ने किया। बैठक में परस राम मंगलानी, मुरली रमानी, रोची राम तोलानी, करमचंद टेकवानी, गिल्लू कुकरेजा, कन्हैया संतानी, दिलीप तोलानी, हेमराज मंगलानी, टेकचंद कारड़ा, संतराम मनचंदानी, रमेश मंगलानी, नोतन टेकवानी, विनोद तोलानी, दिलीप तोलानी, सुरेश मंदानी, आकाश चांदवानी, सुनील कुकरेजा, अन्नू कुकरेजा, रमेश कारड़ा, रमेश होतचंदानी, सुरेश होतचंदानी, संतोष तोलानी, पीरू सचदेव, दिलीप सचदेव, नारू बजाज, विरेंद्र भारती, हीरा नत्थानी, जगदीश भारती, राजा कारड़ा, दीपक सचेदव, विजय सचदेव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पालकों के लिए तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाएं: डीईओ



**पेंड्रा।** समावेशी शिक्षा के तहत जिला स्तरीय शिक्षक एवं दिव्यांग बच्चों के पालकों के लिए तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन सेजस हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्टीपर्पज पेंड्रा के असेम्बली हॉल में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना कार्यालय जीपीएम के तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि, समाज को दिव्यांग बच्चों के प्रति केवल सहानुभूति नहीं बल्कि सकारात्मक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समान अवसर और उचित मार्गदर्शन मिलने पर दिव्यांग बच्चे भी समाज की मुख्यधारा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन सिंह की भी उपस्थिति रही।

विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी- कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने अलग-अलग विषयों पर सत्र लिए। जिला नोडल प्रवीण चौधरी ने समावेशी शिक्षा की गतिविधियों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। बीआरपी मोना गौतम ने दिव्यांगता के 21 प्रकार, बच्चों के कानूनी अधिकारों और समावेशी शिक्षा की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। स्पेशल एजुकेटर राजेंद्र साहू ने शासन कगी ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले सहायक उपकरणों एवं उनके लाभों के बारे में बताया। बीआरपी पेंड्रा वंदना तिवारी ने सांकेतिक भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। स्पेशल एजुकेटर पूजा सिंह ने दिव्यांग बच्चों के व्यवहार प्रबंधन और मनोवैज्ञानिक विकास से जुड़े सुझाव साझा किए।

#### बड़ी संख्या में शिक्षक पालक रहे उपस्थित

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में जिले भर से शिक्षक एवं दिव्यांग बच्चों के पालक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रेम शंकर प्रसाद, दीपा श्याम, प्राची आर. पीटर एवं रोहिणी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना था।

## हेल्थ ओआईसी ने किया पंडरभट्ठा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



मुंगेली। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं हेल्थ ओआईसी जीएल यादव ने मुंगेली विकासखंड अंतर्गत पंडरभट्ठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं, दवा वितरण व्यवस्था तथा स्टॉक रजिस्टर एवं पंजी का गहन अवलोकन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर आवश्यक दवाएं एवं उपचार उपलब्ध हों। अपर कलेक्टर ने प्रसव कक्ष, जनरल वार्ड, महिला वार्ड एवं दवा भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।